1. एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए, मोहन एक औरत से कहता है कि "उसकी माँ तुम्हारे पिता की एकमात्र पुत्री है". वह औरत उस व्यक्ति से किस प्रकार सम्बंधित है?

(अ) पुत्री (ब) बहन
(स) माता (द) पत्नी

2. एक औरत की ओर इशारा करते हुए राम कहता है कि, "वह मेरी माता के पति की माता की पुत्री है" | उस औरत का राम से क्या सम्बन्ध है?

(अ) बुआ (ब) पोत्री
(स) बहन (द) पुत्री

3. एक तस्वीर में एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए, अनु कहती है कि "वह मेरी बहन के भाई के पिता का एकमात्र पुत्र है", वह व्यक्ति अनु से किस प्रकार सम्बंधित है?

(अ) पिता (ब) माता
(स) इनमें से कोई नहीं (द) चचेरा भाई

4. एक लडके की तरफ इशारा करते हुए, रीना कहती है कि "वह मेरे दादा के एकमात्र पुत्र का पुत्र है" | वह लड़का रीना से किस प्रकार सम्बंधित है?

(अ) चचेरा भाई (ब) चाचा
(स) भाई (द) इनमें से कोई नहीं

5. A और B भाई हैं, C और D बहनें हैं, A का पुत्र D का भाई है| B का C से क्या सम्बन्ध है?

(अ) चाचा (ब) भाई
(स) दादा (द) पिता

6. एक औरत की ओर इशारा करते हुए राम कहता है कि "उसके एकमात्र भाई का बेटा मेरी पत्नी का भाई है" | उस औरत का राम के साथ क्या सम्बन्ध है?

(अ) मौसी (ब) दादी
(स) सास (द) ससुर की बहन

7. एक आदमी ने औरत से कहा, "तुम्हारे माँ के पति की बहन मेरी बुआ है" उस औरत का आदमी के साथ क्या सम्बन्ध है?

(अ) पुत्री (ब) माता
(स) बहन (द) बुआ

8. एक आदमी कहता है, "यह लडकी मेरी माँ के पौत्र की पत्नी है" | उस आदमी का उस औरत के साथ क्या सम्बन्ध है?

(अ) पिता (ब) दादा
(स) पति (द) ससुर

9. एक आदमी का परिचय देते हुए एक औरत कहती है, "मेरी माँ की माँ का एकमात्र पुत्र है" | उस औरत का उस व्यक्ति से क्या सम्बन्ध है?

(अ) माँ (ब) बुआ
(स) बहन (द) भानजी

We are providing piece of information just for reference. It may vary from Official

10. अपने पति से एक व्यक्ति के बारे में बात करते हुए एक औरत कहती है, "उसके भाई का पिता मेरे दादा का एकमात्र पुत्र है" | उस औरत का उस व्यक्ति से क्या सम्बन्ध है?

(अ) माँ (ब) बुआ
(स) बहन (द) पुत्री

11. एक लड़की एक लड़के की ओर इशारा करते हुए कहती है कि वह उसके चाचा के पिता की बेटी का पुत्र है | उस लड़के का उस लड़की से क्या सम्बन्ध है?

(अ) फुफेरा भाई (ब) पुत्र
(स) चाचा (द) भतीजा

12. यदि कमल कहता है कि " रवि की माँ की एकमात्र पुत्री है " | तो कमल का रवि से क्या सम्बन्ध है?

(अ) दादा (ब) मामा
(स) पिता (द) भाई

13. एक फोटो में एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए एक स्त्री कहती है कि " इसके भाई का पिता मेरे दादा का इकलौती पुत्र है | वह स्त्री उस व्यकित से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(अ) माता (ब) चाची
(स) बहन (द) पुत्री

14. अनिल रोहित के बारे में बताते हुए कहता है कि " वह उसके पिता की पत्नी के इकलोते भाई का पुत्र है " | रोहित का अनिल से क्या सम्बन्ध है?

(अ) ममेरा भाई (ब) पुत्र
(स) चाचा (द) भाई

15. एक फ़ोटो में एक लड़की कि ओर इशारा करते हुए रोहित कहता है कि " वह मेरे दादा के इकलोते पुत्र की पुत्री है " | रोहित का उस लड़की से क्या सम्बन्ध है?

(अ) पिता (ब) भाई
(स) कज़िन (द) चाचा

16. एक व्यकित एक फोटो कि ओर इशारा करते उए कहता हुए कहता है कि " ये फोटो में जो महिला है | वह मेरे भाँजे कि नानी है | उस महिला का उस व्यक्ति कि इकलौती बहन से क्या सम्बन्ध है?

(अ) कज़िन (ब) बहन
(स) माता (द) सास

17. एक फोटो की ओर इशारा करते हुए एक महिला कहती है कि " इस व्यक्ति के पुत्र कि बहन मेरी सास है | " उस महिला के पति का उस व्यक्ति से क्या सम्बन्ध है?

(अ) नातिन (ब) पुत्र
(स) दामाद (द) भतीजा

18. एक फोटो की ओर इशारा करते हुए एक महिला प्रमोद से कहती है कि "मैं इस महिला कि इकलौती पुत्री हूँ तथा उसका पुत्र तुम्हारा मामा है" | उस महिला का प्रमोद के पिता से क्या सम्बन्ध है?

(अ) भाभी (ब) पत्नी
(स) चाची (द) माता

We are providing piece of information just for reference. It may vary from Official

www.recruitment.guru

19. अमित कहता है कि "यह लड़की मेरी माँ के पौत्र कि पत्नी है" | अमित का उस लड़की से क्या सम्बन्ध है?

(अ) भाई　　(ब) दादा

(स) पति　　(द) ससुर

20. राम की ओर इशारा करते हुए श्याम कहता है कि "मैं इसके पिता के पुत्रों में से किसी एक पुत्र का इकलौता पुत्र हूँ |

(अ) भतीजा　　(ब) चाचा

(स) पिता या चाचा　　(द) पिता

## उत्तरमाला

**1.** [स] **2.** [अ] **3.** [स] **4.** [स] **5.** [अ] **6.** [द] **7.** [स] **8.** [द] **9.** [द] **10.** [स]

11. [अ] 12. [ब] 13. [स] 14. [अ] 15. [ब] 16. [स] 17. [अ] 18. [ब] 19. [द] 20. [स]

We are providing piece of information just for reference. It may vary from Official

## हल

1. औरत के पिता की एकमात्र पुत्री वह स्वंय (औरत),
इसलिए औरत उस व्यक्ति की माँ है |

2. माँ का पति - पिता, पिता की माँ - दादी,
दादी की पुत्री - पिता की बहन, पिता की बहन - बुआ
इसलिए औरत राम की बुआ है |

3. बहन का भाई - भाई, भाई का पिता - पिता, पिता का बेटा - भाई,
इसलिए तस्वीर में व्यक्ति अनु का भाई है |

4. दादा का मात्र पुत्र - पिता, पिता का पुत्र - भाई,
अत: लड़का रीना का भाई है |

5. B, A का भाई है, A का D का भाई है,
इसलिए D, A की पुत्री है, और C & D बहनें हैं, C भी A की पुत्री है,
अत: B, C का चाचा है |

6. पत्नी का भाई = साला, इसलिए औरत के भाई का बेटा राम का साला है |
इसलिए औरत का भाई राम का ससुर हुआ |
इसलिए औरत राम के ससुर की बहन है |

7. औरत की माँ का पति = औरत का पिता
औरत के पिता की बहन = औरत की बुआ
इसलिए औरत की बुआ उस आदमी की भी बुआ है,
इसलिए वह औरत उस आदमी की बहन है |

8. माँ का पौत्र = पुत्र, पुत्र की पत्नी = पुत्रवधु

9. माँ की माँ = नानी, नानी का एकमात्र पुत्र = मामा
इसलिए वह व्यक्ति उस औरत का मामा है |
इसलिए वह औरत उस व्यक्ति की भानजी है |

10. औरत का दादा का एकमात्र पुत्र = औरत का पिता
उस व्यक्ति के भाई का पिता = उस व्यक्ति का पिता
इसलिए व्यक्ति का पिता उस औरत का भी पिता है
इसलिए वह औरत उस व्यक्ति की बहन है |

11. चाचा के पिता कि पुत्री - चाचा की बहन,
चाचा की बहन का पुत्र - फुफेरा भाई

12. कमल की माँ की एकमात्र पुत्री - कमल की बहन,
अत: रवि की माँ कमल की बहन है इसलिए कमल रवि का मामा है |

We are providing piece of information just for reference. It may vary from Official

**13.** स्त्री के दादा का इकलौता पुत्र - स्त्री का पिता,
व्यक्ति के भाई का पिता - व्यक्ति का पिता
अत: वह स्त्री उस व्यक्ति की बहन है |

**14.** पिता की पत्नी - माँ
माँ का भाई - मामा
मामा का पुत्र - ममेरा भाई
अत: रोहित अनिल का ममेरा भाई है |

**15.** दादा का इकलौता पुत्र - पिता
पिता कि पुत्री - बहन
अत: रोहित उस लड़की का भाई है |

**16.** भाँजे की नानी - व्यक्ति की बहन के पुत्र की माँ की माँ
व्यक्ति कि बहन के पुत्र कि माँ - व्यक्ति कि बहन की माँ

**17.** व्यक्ति के पुत्र कि बहन - व्यक्ति कि पुत्री
अत: व्यक्ति कि पुत्री उस महिला के पति की माँ है |
अत: महिला का पति उस व्यक्ति का नातिन है |

**18.** महिला का भाई - प्रमोद का मामा
अत: महिला प्रमोद की माँ है तथा उसके पिता की पत्नी है |

**19.** वह लड़की अमित की माँ के पौत्र की पत्नी है |
इसलिए वह लड़की अमित के पुत्र की पत्नी हुई |
इसलिए ईट उस लड़की का सुसर है |

**20.** ∴ श्याम राम के पिता के पुत्रो में से किसी एक का इकलौता पुत्र है |
इसलिए राम या तो उसका पिता है या चाचा है |

We are providing piece of information just for reference. It may vary from Official